Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding drug addiction among youths in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): सर, मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया। माननीय महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का और आपका ध्यान एक अत्यंत ही गंभीर विषय के संदर्भ में आकृष्ट करना चाहता हूं। आज कल पूरे बिहार में राजधानी पटना सहित बड़े पैमाने पर नौजवान सूखे नशे के आदि हो गए हैं। इसकी वजह से पूरे बिहार में नौजवानों का जो एक बड़ा तबका है, वह बर्बाद हो रहा है। उस सूखे नशे में पूरे नौजवान गांजा, ड्रग्स, नशीले इंजेक्शन, सॉल्यूशन, वाइटर इत्यादि के गिरफ्त में आ गए हैं। बिहार सरकार ने वहां पर नशाबंदी लागू कर रखी है, लेकिन उनकी गलत नीतियों की वजह से नशाबंदी पूरे तौर पर बिहार में लागू नहीं है। नशाबंदी तो है, लेकिन बड़े पैमाने पर शराब… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप संक्षेप में कहिये।

श्री राम कृपाल यादव : आर्थिक लॉस तो हो ही रहा है, पर सबसे चिंता का विषय है कि आपने नशाबंदी तो की**,** लेकिन आप सफलता हासिल नहीं कर पाए, जमीन पर नहीं उतार पाए। पूरी युवा शक्ति चेंज हो गई है। सर, घर के घर बर्बाद हो रहे हैं। नौजवानों की जिंदगी जा रही है। परिवार के परिवार बर्बाद हो रहे हैं। अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। माँ और बहन के जेवर बेचने का काम हो रहा है। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : एक मिनट में अपनी बात पूरी करते हैं। प्लीज़ लंबा मत बोलिए।

श्री टी.एन. प्रथापन जी।

… (व्यवधान)